बिहार पशुचिकित्सा संघ

कार्यालय–संघ भवन, विद्यापति मार्ग, पटना–800001

पत्रांक 14/ दिनांक 13.3./20

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,

बिहार, पटना।

विषयः– **बिहार पशुचिकित्सा परिषद् कार्यालय को आवंटित भूमि पर नये भवन निर्माण कराने के संबंध में।**

महाशय,

विनम्र निवेदन पूर्वक कहना है कि बिहार पशुचिकित्सा परिषद् के प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग द्वारा पटना शहर के हृदयस्थल लोकनायक जयप्रकाश हवाई अड्डा के पश्चिमी गेट के सामने में एक एकड़ सोलह डिसमिल (116 डिसमिल) जमीन वर्ष 1988 से कर्णांकित है, जिसकी कीमत आज की तारीख में करोड़ों रुपये से कम की नहीं है।

परिषद् के कार्य कलापों के सुचारू रूप से संचालन हेतु आवंटित भूमि पर बहुमंजिला भवन का निर्माण आवश्यक है। अन्य राज्यों यथा उड़ीसा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर आदि अधिकतर राज्यों में राज्य पशुचिकित्सा परिषद् का अपना भवन निर्माण हो चुका है, जबकि यहाँ पर आवंटित स्थल महत्वपूर्ण जगह पर होने के बावजूद भी उपेक्षित है। अपना राज्य बिहार इस से वंचित है, जबकि भारतीय पशुचिकित्सा परिषद् अधिनियम को अंगीकार करने वाले प्रथम तीन राज्यों में अपना राज्य बिहार भी है।

उल्लेखित भूमि पर परिषद् का अपना भवन बन जाने से परिषद् के सामान्य उद्देश्य, Continuing Veterinary Education के तहत राज्य के पशुचिकित्सकों के ज्ञानसंवर्द्धन एवं आधुनिकीकरण, की पूर्त्ति तो होगी ही, विभागीय कार्यों से राज्य में आने वाले विशिष्ट अतिथियों, वैज्ञानिकों, किसानों के आवासन और भिन्न–भिन्न प्रकृति तथा स्तर के प्रशिक्षण, सेमिनार–वर्कसॉप के कार्यो का सम्पादन भी हो सकेगा, जिसका विभाग में अभाव है।

ज्ञातव्य हो कि अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, बिहार सरकार, भवन निर्माण विभाग, पटना **से** परिषद कार्यालय के नये भवन एवं अतिथिगृह निर्माण हेतु तकनीकी अनुमोदन प्रदत्त प्राक्कलन प्राप्त हो गया है, जिसे प्रशासी विभाग को भेजा जा चुका है।

अतः भवदीय से अनुरोध है कि पटना में स्थित पटेल भवन, अरण्य भवन, नियोजन भवन आदि से भी भव्य परिषद् के नये भवन निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

BMukta

अनुलग्नक : यथोक्त।

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव

मो0–7488601083